दिनांक 08.08.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# पंडित दीनदयाल मिनी स्टेडियम खेल परिसर के 62 दुकानों का नीलामी किया जाएगा

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई शिवाजी नगर जोन 04 अंतर्गत वार्ड क्रं. 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर स्थित पंडित दीनदयाल मिनी स्टेडियम खेल परिसर में निर्मित दुकानों का नीलामी किया जा रहा है। परिसर में भूतल पर निर्मित 34 एवं प्रथम तल पर निर्मित 28, कुल 62 दुकानों का आबंटन राईट आफ आक्यूपेशन हक पर देने के लिए इच्छूक व्यक्तियों से तीन लिफाफा पद्वति से बंद लिफाफे में दिनांक 13.08.2025 कार्यालयीन समय तक आफर आमंत्रित किया गया है। लिफाफा स्पीड पोस्ट्ध्रजिस्टर डाक के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। लिफाफा सीधे कार्यालय में स्वीकार नहीं किया जाएगा। दुकान नीलामी की विस्तृत जानकारी नगर निगम भिलाई के वेबसाईट ॅ.ीपसंपदंहंतदपहंउ.बवउ से दिनांक 13.08.2025 तक देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। दुकानो का प्रकार भूतल 'ए' टाईप 18 दुकान क्षेत्रफल 52.15 वर्ग मीटर प्रीमियम मूल्य प्रति दुकान 23,40,283.00 लाख रूपये। भूतल 'बी' टाईप 6 दुकान क्षेत्रफल 28.70 वर्ग मीटर प्रीमियम मूल्य प्रति दुकान 12,87,941.00 लाख रूपये। भूतल 'सी' टाईप 8 दुकान क्षेत्रफल 9.60 वर्ग मीटर प्रीमियम मूल्य प्रति दुकान 4,30,809.00 लाख रूपये। भूतल 'ए–1' टाईप 2 दुकान क्षेत्रफल 41.65 वर्ग मीटर प्रीमियम मूल्य प्रति दुकान 18,69,085.00 लाख रूपये। प्रथम तल 'ए' टाईप 20 दुकान क्षेत्रफल 27.30 वर्ग मीटर प्रीमियम मूल्य प्रति दुकान 11,07,042.00 लाख रूपये। प्रथम तल 'बी' टाईप 4 दुकान क्षेत्रफल 25.15 वर्ग मीटर प्रीमियम मूल्य प्रति दुकान 10,19,857.00 लाख रूपये। प्रथम तल 'सी' टाईप 4 दुकान क्षेत्रफल 11.20 वर्ग मीटर प्रीमियम मूल्य प्रति दुकान 4,54,171.00 लाख रूपये रखा गया है।